This question paper contains 8 printed pages]

*Your Roll No.*...............

**6377**

**LL.B./VI Term** **A**

Paper LB-603—MINOR ACTS AND SUPREME

COURT RULES

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *Five* questions in all, selecting at least *one* question from each Part.

*All* questions carry equal marks..

प्रत्येक भाग से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

## Part A

## (भाग 'अ')

1. Do the following documents require compulsory registration ? 20

   (*a*) An adoption deed by which the adoptive parent agrees to limit her right to dispose off her immovable property.

   (*b*) An arbitral award by which residue assets of a partnership firm are distributed amongst the partners on the dissolution of that firm.

   (*c*) A gift of movable property of the value of Rs. 99.

   (*d*) Memorandum of oral family partition converting joint enjoyment of property into enjoyment in severalty.

   क्या निम्नलिखित दस्तावेजों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण अपेक्षित है ?

   (*a*) एक दत्तक विलेख जिसके द्वारा दत्तक माता अपनी स्थावर सम्पत्ति के व्ययन के अपने अधिकार को सीमित करने के लिए सहमत होती है।

(*b*) एक माध्यस्थम पंचाट जिसके द्वारा किसी भागीदारी फर्म की अवशिष्ट आस्तियों को उक्त फर्म के विघटन पर भागीदारों के बीच वितरित किया जाता है।

(*c*) 99 रुपये के मूल्य की जंगम सम्पत्ति का दान।

(*d*) मौखिक कुटुम्ब विभाजन का ज्ञापन जो सम्पत्ति के संयुक्त उपभोग को पृथक-पृथक उपभोग में परिवर्तित करता है।

2. An unregistered document, which affects immovable property and is required to be compulsorily registered, may be received as evidence of any collateral transaction not required to be effected by registered instrument. Discuss with reference to case law. 20

एक अरजिस्ट्रीकृत दस्तावेज को जो स्थावर सम्पत्ति को प्रभावित करता है तथा जिसका अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण अपेक्षित है, किसी ऐसे संपार्श्विक लेन-देन में बतौर साक्ष्य ग्रहण किया जा सकता है जिसको प्रभावी होने के लिए रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज अपेक्षित नहीं है। निर्णय विधि के सन्दर्भ में विवेचन कीजिए।

## Part B

## (भाग 'ब')

3. A and B are brothers carrying on a partnership business. A and B dissolve the partnership by a deed which also effects partition of family properties. A, by the same deed, mortgages his share to B for money borrowed by him for his own purpose. Would stamp duty be payable on the deed under Section 5 or under Section 6 of the Indian Stamp Act, 1899, or under both the sections ? 20

A तथा B भाई हैं जो भागीदारी कारोबार करते हैं। A तथा B एक विलेख द्वारा भागीदारी का विघटन करते हैं जो परिवार की सम्पत्तियों का भी विभाजन करता है। उसी विलेख द्वारा A ने अपने स्वयं के प्रयोजन के लिये उधार लिये धन के लिये अपना शेयर B को बंधक कर दिया। क्या इंडियन स्टाम्प एक्ट, 1899 की धारा 5 या धारा 6 के अधीन अथवा दोनों धाराओं के अधीन उक्त विलेख पर स्टाम्प ड्यूटी देय होगी ?

4. Can a deficiently stamped document, which has been duly admitted in evidence in a suit, be relied upon by a party in that suit ? Would your answer be the same if reliance is placed on such document by a party in a different suit ? 20

क्या किसी कम स्टाम्प वाले दस्तावेज का जिसे किसी वाद में साक्ष्य में विधिवत् ग्रहण किया गया है, उसी वाद के पक्षकार द्वारा अवलंब लिया जा सकता है ? यदि ऐसे दस्तावेज का अवलंब भिन्न वाद के पक्षकार द्वारा लिया जाता है तो क्या आपका उत्तर वही होगा ?

**Part C**

**(भाग 'स')**

5. Discuss with reference to case law whether in a suit for a declaratory decree with consequential relief, the plaintiff is free under Section 7(iv) of the Court Fees Act, 1870, to make any valuation he wishes in respect of the relief sought in the plaint ? Does such valuation as determinable for computation of the Court fees is necessarily to be the same for the purposes of jurisdiction under the Suit Valuation Act, 1887 ? 20

निर्णय विधि के सन्दर्भ में विवेचन कीजिए कि क्या पारिणामिक अनुतोष के साथ घोषणात्मक डिक्री हेतु वाद में वादी न्यायालय शुल्क अधिनियम, 1870 की धारा 7(iv) के अन्तर्गत कोई भी मूल्यांकन करने के लिए स्वतंत्र है जो वह वाद-पत्र मांगे गए अनुतोष के बारे में करना चाहता है ? क्या न्यायालय शुल्क की गणना हेतु यथा अवधार्य ऐसा मूल्यांकन वाद मूल्यांकन अधिनियम, 1887 के अन्तर्गत अधिकारिता के प्रयोजनों हेतु आवश्यक रूप से वही होना है ?

6. Comment on the legality of the following propositions : 20

(*a*) Court fee payable on a suit is dependent on the substance of the plaint and the real reliefs claimed in the suit, and not upon the way the plaint or the reliefs have been drafted.

(*b*) It is open to the Court to require the plantiff to pay Court fee on the basis of the written statement of the defendent.

निम्नलिखित प्रस्थापनाओं की विधिकता पर टिप्पणी लिखिये :

(*a*) किसी वाद पर देय न्यायालय शुल्क वादपत्र के सार तथा वाद में मांगे गये वास्तविक अनुतोष पर आश्रित होता है न कि उस रीति पर जिसके अनुसार वादपत्र या अनुतोष पत्र तैयार किये जाते हैं।

(*b*) न्यायालय प्रतिवादी के लिखित कथन के आधार पर न्यायालय शुल्क की वादी से अदायगी की अपेक्षा करने के लिए स्वतंत्र होता है।

**Part D**

**(भाग 'द')**

7. Detail the provisions of the Supreme Court Rules, 1966, with regard to the filing of a Civil Special Leave Petition. 20

सिविल विशेष अनुमति याचिका के फाइल किये जाने के बारे में उच्चतम न्यायालय नियमावली, 1966 के उपबन्धों का उल्लेख कीजिये।

8. (*a*) List any *ten* matters in relation to which powers can be exercised by a Single Judge sitting in Chambers under the Supreme Court Rules, 1966.

(*b*) Discuss the provisions of the Supreme Court Rules, 1966, relating to Notice of Motion. 20

(*a*) किन्हीं दस मामलों की सूची बनाइये जिनके बारे में उच्चतम न्यायालय नियमावली, 1966 के अन्तर्गत चैम्बर में बैठे हुये एक न्यायाधीश द्वारा शक्तियों का प्रयोग किया जा सकता है।

(*b*) प्रस्ताव की सूचना के सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय नियमावली, 1966 के उपबन्धों का विवेचन कीजिये।